## खबर संक्षेप

### पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित की जा रही हैं विभिन्न गतिविधियां

**अनुपपुर।** सातवां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत अनूपपुर जिले में भी कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पोषण पखवाडा के तहत मंगलवार को अनूपपुर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। आंगनबाड़ी केंद्रो में अन्नप्राशन दिवस मनाया गया, जिसमें 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया एवं 06 माह से 12 माह तक के बच्चो को पोषण के रूप में दिए जाने वाले आहार के बारे में माताओं को जानकारी दी गई, जिससे उनके बच्चों को भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य मिल सके। इन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कठार में किया गया श्रमदान

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कठार में किया गया श्रमदान उमरिया 16 अप्रैल । उमरिया जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जोर पकड़ता जा रहा है । अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संवर्धन और संरक्षण के लिये विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में जनभागीदारी से जल संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। प्राचीन जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम कठार स्थित तालाब के जीर्णोध्दार हेतु श्रमदान किया गया। सीईओ जनपद पंचायत मानपुर ने कहा कि तालाब के जीर्णोध्दार होने से बारिश के दिनों में अधिक पानी एकत्रित होगा तथा वॉटर लेवल भी बढ़ेगा। इससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा। तालाब का जीर्णोध्दार हो जाने पर इस जल का उपयोग पशु पक्षी एवं जन मानस कर सकेगे। जीर्णोध्दार के कार्य में जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### बच्चे एवं बुजुर्गो के लिए मेरा ईकेवायसी एप से ईकेवायसी कराने की सुविधा

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार ने बताया कि जिन बुजुर्गो एवं बच्चों की पीओएस मशीन से ईकेवायसी नही हो पा रही है, उनके लिए मेरा ईकेवायसी एप बनाया गया है, जिसके माध्यम से ईकेवायसी की जा सकती है। उन्होने बताया कि स्मार्ट एन्ड्रावयड मोबाइल फोन के गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से मेरा ईकेवायसी एप को डाउनलोड करें । मोबाइल लोकेशन चालू रखी जाए । मेरा ईकेवायसी ऐप के साथ फेस आईडी को भी डाउनलोड किया जाना है, बिना फेस आईडी के एप कार्य नही करेगा । हितग्राही आपनी सुविधा अनुसार भाषा का चयन करें। इसके पश्चात राज्य चयन के विकल्प में मध्यप्रदेश को चुने। राज्य का चयन करने के उपरांत ऐप पर लोकेशन वेरीफाई विकल्प पर क्लिक करें। इसके पश्चात जिस हितग्राही का ईकेवायसी करना है उसका आधार कार्ड देखकर सही आधार नम्बर मोबाईल एप में दिए गए स्थान पर दर्ज करें। . इसके पश्चात ओटीपी जनरेट करने के विकल्प पर क्लिक करें। . हितग्राही के आधार नम्बर से लिंक मोबाईल फोन पर एक 6 अंको का ओटीपी प्राप्त होगा केप्चा कोड दर्ज करें। इसके बाद जमा करें विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद लाभार्थी का नाम, आधार नम्बर के अंतिम 4 अंक आदि विवरण मोबाईल स्क्रीन पर दिखाई देगा, जिसके नीचे फेस ईकेवायसी विकल्प दिखाई देगा इस पर क्लिक करने पर हितग्राही की ईकेवायसी करने संबंधी सहमति की घोषणा दिखाई देगी जिसमें स्वीकृत विकल्प पर क्लिक करना होगा।

# रसूकदारों के ठाठ बावली हुई सपाट

## अनशनकारी बोले अंजाम तक जारी रहेगा संघर्ष, क्रमिक अनशन को मिल रहा व्यापक समर्थन

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

स्थानीय किरन टाकीज के समीप शासकीय भूमि पर रसूकदारों द्वारा किये गये जबरन कब्जा को लेकर अनवरत क्रमिक अनशन जारी रही है । अनशनकारियों को बिठाने पूर्व सरपंच किसान नेता रोहिणी प्रसाद जायसवाल व समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकार त्रिलोकी नाथ गर्ग ने सर्व प्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। तत्पश्चात उन्होंने क्रमिक अनशन पर बैठने वाले जगदीप रिछारिया व धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप कुमार लालवानी समीर खान को तिलक लगाने के बाद माला पहनाकर अनशन पर बैठाया। इस अवसर पर आंदोलन के प्रमुख नेतृत्व कर्ता द्वय समाज सेवी रंजीत बसाक व धर्मेन्द्र श्रीवास्तव 'टिक्कू% के अलावा शिवेंद्र प्रताप सिंह अधिवक्ता, राजेंद्र रजक बाबू भैया, दिनेश सिंह ,प्रदीप सोनी ,विनोद शर्मा, चिन्टू सिंह चंदेल एड., रोहिणी प्रसाद लक्ष्यकार, संदीप सोनी ,मुकेश गुप्ता ,सोनू गुप्ता, गोवर्धन प्रसाद गुप्ता ,उपेंद्र जायसवाल, जयदीप रिछारिया ,मयंक गुप्ता, ध्रुव मोर, जय गुप्ता ,जलालुद्दीन खान, रोहित गुप्ता, प्रदीप साहू , झुमड़ामल ,राजू लालवानी , बॉबी गुप्ता ,छोटू जायसवाल, मनोज अग्रवाल, रोमी रजक, बबलू रजक, कृष्ण चंद सोनी, मंजा खान,बाबू भाई, अक्षत बडेरा, अजय बडेरा, धर्मेंद्र यादव ,नेहा गुप्ता, अनीता गुप्ता, माधुरी, गुप्ता, शशि गुप्ता, रेनू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रीता शुक्ला के अलावा लगभग आधा सैकडा से भी अधिक मोहल्ले वासी उपस्थित रहे। किसान नेता रोहिणी प्रसाद जायसवाल ने नौजवानों को इस संकल्प के साथ तिलक लगाकर बैठाया है कि वह बावली व मां दुर्गा पूजा की जमीन के संघर्ष में अंतिम लड़ाई तक साथ रहेंगे।






### यह संघर्ष जनता की आवाजः धर्मेन्द्र

समाज सेवी धर्मेन्द्र श्रीवास्तव टिक्कू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पौराणिक बावली और दुर्गा पूजा भूमि पर असरदारों ने जिस प्रकार से तानाशाही पूर्वक कब्जा किया है वह शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षो पूर्व जिनके पास खाने का जुगाड़ नही था आज वे जमीनो की हेराफेरी करके धन्ना सेठ बन गये हैं। हमारा आंदोलन किसी दल के इशारे पर नहीं चल रहा बल्कि यह आंदोलन समाज के गर्भ से पैदा हुआ है। श्री टिक्कू ने कहा कि कलेक्टर केदार सिंह ईमानदार और लोक प्रिय कलेक्टर है जिन्होंने हमारी आवाज सुनकर कब्जा की जा रही जमीन की माप राजस्व अमले से कराकर उल्लेखनीय व न्याय प्रिय काम करवाया है इस माप से सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारा आंदोलन उमा भवन के मालिको के चबूतरे पर चल रहा है सड़क पर हम कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं कर रहे हैं बावजूद इसके कुछ लोग भ्रमित करने पर आमादा हैं ।

### पवित्र मकसद वाला आंदोलनः रंजीत

क्रमिक अनशन पर उपस्थित समाजसेवी रंजीत बसाक ने कहा कि हम पवित्र मकसद को लेकर बावली और दुर्गा पूजा की जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाने के के लिये आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ जल है वहीं जीवन है। जल के लिए मुख्यमंत्री जो जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश में चला रहे है वह स्वागत योग्य कार्य है। बावजूद इसके यहां का चपरा परिवार नजूल की भूमि पर स्थित पौराणिक बावली को पाटकर जमीन हथियाने का कुत्सित प्रयास करने के साथ ही आस्था से खिलवाड करने का दुस्साहस किया है। बाबा साहब की जयंती पर उन्होंने कहा कि संविधान कहता है कि जल स्त्रोतो का पट्टा किसी को भी नहीं दिया जा सकता बावजूद इसके यहाँ के खसरा नंम्बर 74 व 72 की हकीहत ही कुछ और दिखलाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगो ने अवैध कब्जा किया है वे कोई भूमिहीन नही बल्कि मशीन वाले शटरों की मंजिलों में कुण्डली मार कर बैठे हुये हैं। और उनका सपना है कि यहां की नजूल भूमि पर कोई माल या होटल बन जाये। लेकिन इस आंदोलन को जिस प्रकार का जन समर्थन मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि उनके सपने धरे के धरे रह जायेगे ।

### पुश्तों से जुड़ी हैं जनभावनाये: त्रिलोकी

समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार शिलोकीनाथ गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा यहां की बावली व जमीन ने हमे आजीविका देने का काम किया है। अवैध तरीके से जिस जमीन पर कब्जा किये जाने की कोशिश की जा रही है उस जमीन के हम ऋणी हैं। उन्होंने बताया कि जिस समय यहाँ पर अवैध कब्जा किया गया उस समय मैं दिल्ली में था जब मुझे जानकारी मिली तो मैं भी दंग रह गया। उन्होने कहा कि जहां एक ओर सत्ताधारी यह कसम खा रहे हैं कि हम संविधान की रक्षा करेंगे वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी ही पौराणिक बावली और आस्था वाली भूमि पर अवैध कब्जा करने की कारस्तानी करने पर उतारू हो गये हैं।

## ग्राम पंचायत गुंदरई व गोहचर में आयोजित पोषण पखवाड़ा में शामिल हुई कलेक्टर



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिहंपुर।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आंगनबाड़ी केन्द्र गुंदरई व गोहचर में पोषण पखवाड़ा अभियान में शामिल हुई। यहाँ उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में कुपोषण के कारण मानसिक और शारीरिक विकास रूक जाता है, इसलिए कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दे । सभी प्रकार की ताजा सब्जियां और फल का सेवन करें। कलेक्टर ने कहा कि दाल और सब्जी में मुनगे को मिलाकर खायें, जिससे बच्चों को सही पोषण मिल सके। बच्चों का वजन सही तरीके से लिया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि गर्भवती व धात्री महिलाओं को अच्छा पोषण उपलब्ध कराये। ग्राम पंचायत गोहचर में गीत- संगीत के माध्यम से लोगों को पोषण के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोटेगांव श्रीमती देवंती परते, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री राधेश्याम वर्मा, सीईओ जनपद गोटेगांव, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सातवां पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़े के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है।

## सांसद का भांजा बताकर माउजर कट्टा से जान से मारने की धमकी देते है क्षेत्रों में दहशत से ग्रामीण सहमे हुए है

**पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।**

बनखेड़ी। जिला नर्मदा पुरम एवं नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के गृह निवास के लोग हो या फिर कुछ ग्रामीणों में छुट भैया अपने आम में नेतागिरी दिखाने से बाज नहीं आ रहे जैसा की ग्रामीण क्षेत्रों में अपने आम में सांसद के नाम से धमकाते हुए लोगों को अब तो कट्टा 12 राउंड की माउजर से जान से मारने की धमकी है अभी आम लोगों को मिलने लगी हैं यह कोई और समुदाय के नहीं यह खुद संसद के समाज के ही क्षेत्र में दहशत फैला रहे हैं और यदि कोई शिकायत लेकर थाने के समक्ष तो कई दलालों के सिफारिश के लिए अधिकारियों के समक्ष गड़गड़ाते रहते हैं जिससे प्रतीत होता है कि दलालों की भी भरमार है और सट्टा का दुरुपयोग करने वाले कोई और नहीं पार्टी के ही माफिया लोग होना प्रतीत होता है जिससे गरीबों की चाहे जान चली जाए लेकिन उनके छुट भैया पंजी चोट माउजर चलने वाले के खिलाफ कार्यवाही नहीं होना चाहिए यह है भाजपा का शासन काल

**ऐसा एक मामला प्रकाश में आया है**

फरियादी सादिक पिता रमजान बैग निवासी बनखेड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जसारवानी द्वारा घटना 15 अप्रैल लगभग 4:30 बजे के समय आरोपी जिला नर्मदा पुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी का खास रिश्तेदार भांजा अमित पिता चंदन जाति किरार पटेल निवासी



मछेरा कला द्वारा फरियादी के ग्राम जसारवानी में मोटरसाइकिल एमपी, 05, एमजे क्रमांक 1905 से आकर मुसलमानों के विरोध में ग्राम के लोगों को अनावश्यक रूप से ग्राम की शांति भंग करना लोगों को जाति सूचक शब्दों का दुरुपयोग करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी का नाम सागा भांजे बताकर दहशत फैलाला ते हुए 12 राउंड का कट्टा चलाने की चेतावनी दे डाली इतना ही नहीं मां बहन की गंदी-गंदी शब्दों के प्रयोग करते हुए मुसलमान समुदाय को अनावश्यक रूप से झगड़ा उकसाने का कार्य किया गया जिस बात की उक्त आरोपी द्वारा किए गए अपराध की वहां के प्रदर्शन देखने वालों ने मोबाइल में वीडियो बना ली ओके वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई जिसको लेकर फरियादी ने बनखेड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु भारी मस्कट करनी पड़ी शाम लगभग 6 बजे से रात्रि में लगभग 1= बजे तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई क्योंकि कुछ छुट भैया चरन्नी चोट कमाने वाले दलालों का प्रांगण में आना-जाना और राजनीति का दुरुपयोग करने वालों का तांता लगा रहा इसके बाद फरियादी ने वास्तविक न्याय की थाना प्रभारी से गुहार लगाई तब जाकर थाना प्रभारी सुधाकर बरस कर 1. 35 बजे रात्रि में एफआईआर दर्ज की गई जिसमें आरोपी के विरुद्ध न्यायालय धारा बी एन एस अधिनियम वर्ष 20023, 296, 351, 2, के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लेकर आरोपी को ग्राम मछेरा से पुलिस ने अपने ग्रुप में कर तहसील न्यायालय में पेश किया है जहां तहसीलदार द्वारा जमानत भी दे दी गई है इसी प्रकार से संसद के गृह निवास चादोन के कुछ लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी में भी संसद का नाम लेकर सरकारी डॉक्टर के ऊपर हमला किया गया था हमला इतना ही नहीं डॉक्टर को बंदी बनाकर एंबुलेंस में लेकर भाग निकले थे जिस मामले की अभी तक जांच ही चल रही है ना कि आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज है आब देखना यह है कि उक्त आरोपियों के विरुद्ध कब तक पुलिस एक्शन लेगी और कब करेगी जेल की सलाखों के पीछे या मामला ठंडा बस्ती में बधेगा इस बात की जानकारी से हम आपको अवगत कराते रहेंगे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**अनुपपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों का मध्यस्थता व सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु आज अधिवक्ता बार कक्ष में जिला मुख्यालय अनूपपुर के समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ समन्वय बैठक एवं मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़िया, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के सचिव विनोद कुमार वर्मा, प्रथम सिविल जज, जूनियर डिवीजन बोबी सोनकर, तृतीय सिविल जज, जूनियर डिवीजन सुसृष्टि साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर के अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर के सचिव राम कुमार राठौर एवं जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बैठक में समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के मध्य, न्यायालय में लंबित एवं पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी मध्यस्थता एवं समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण कराकर, पक्षकारगण को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने पर चर्चा की गई, जिससे पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भाव बना रहे एवं उनके मध्य शत्रुता समाप्त होकर, उनके समय, धन व श्रम की बचत हो सके।

## ग्राम पंचायत गुंदरई में कलेक्टर ने किया स्कूल, पंचायत और खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिहंपुर।**



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने ग्राम पंचायत गुंदरई में माध्यमिक स्कूल, पंचायत और विभिन्न खरीदी केन्द्रों का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत गुंदरई में माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण और पंचायत में कराये जा रहे राशन प्राप्त करने के लिए ई- केवायसी का कार्य देखा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने माध्यमिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत गुंदरई में सुगमता से राशन प्राप्त करने के लिए 25 अप्रैल तक चलाये जा रहे ई-केवायसी का कार्य देखा। उन्होंने कहा कि जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को व उनके परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवायसी करना आवश्यक है। इस दौरान कलेक्टर ने यहां जल गंगा संवर्धन अभियान में किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिये कि जल संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से कराये जायें। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुंदरई में श्री शक्ति वेयर हाऊस, गोहचर में शिव शक्ति वेयर हाऊस, गोटेगांव में साईंश्रद्धा वेयर हाउस, कंजई गर्रा रोड में राव वेयर हाउस और रामनिवारी में समृद्धि वेयर हाऊस का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां गेहूं, चना व मसूर उपार्जन का कार्य देखा।उपार्जन कार्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की सहूलियत के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें खरीदी केन्द्रों में पुख्ता रहनी चाहिये।

## पति ने पत्नी का आपत्तिजनक वीडियो किया वायरल

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पति द्वारा अपनी पत्नी का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब पत्नी ने पति की इस हरकत का विरोध किया, जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद दो वर्षो से जारी था, जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही थी। हाल ही में, पति ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और उसे एक शर्त पर मानने को कहा - जो मैं कहूंगा, तुम्हें करना होगा। उसके बाद मैं तुम्हें अपने घर ले चलूंगा। जब पत्नी ने इस पर सहमति जताई, तो पति ने उसका वीडियो कॉल पर एक आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ के अनुसार, महिला को जब इस बात का पता चला तो उसने तुरंत अपने पति के घर जाकर आपत्ति जताई। आरोपी पति ने इस पर महिला के साथ मारपीट की। महिला के दो बच्चे हैं, 2016 में विवाह हुआ था। दो साल पहले ही पति पत्नी का विवाद हुआ था। इसको लेकर पत्नी दो सालों से मायके में रह रही थी।

## पार्षद सिल्लू के प्रयास से मिली राजकुमार को वैशाखी

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

जिंदगी में जब उम्मीद की किरणें धुंधलाने लगती हैं, तब कोई एक संवेदनशील हाथ आगे बढ़कर रोशनी बन जाता है। शहडोल नगर पालिका परिषद के हनुमान वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद सुशील कुमार रजक उर्फ सिल्लू ने बुधवार को अपने सद्प्रयासों से कुछ ऐसा ही कर दिखाया। उन्होंने ग्राम निपनिया निवासी एक विकलांग युवक को न सिर्फ स्टील की बैसाखी उपलब्ध करवाई, बल्कि उसके विकलांग प्रमाण पत्र की प्रक्रिया भी पूरी करवाकर एक नई राह दिखाई। 23 वर्षीय राजकुमार कोल, जो ग्राम निपनिया में अपने परिवार के साथ रहता है, ने बताया कि करीब पांच साल पहले वह एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुआ था, जिसमें उसने अपना एक पैर हमेशा के लिए खो दिया। उस हादसे के बाद से ही वह लकड़ी की पुरानी बैसाखियों के सहारे जीवन यापन कर रहा था। आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के चलते वह कोई बेहतर साधन जुटा नहीं पाया। राजकुमार कोल की ज़िंदगी में नया मोड़ उस वक्त आया जब बीते शुक्रवार को किसी काम से वह कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहीं पर



उसकी मुलाकात पार्षद सिल्लू रजक से हुई। बातचीत के दौरान जब पार्षद ने उसकी स्थिति देखी और बैसाखियों की जर्जर हालत जानी, तो उन्होंने तुरंत उसे बेहतर सुविधा दिलाने का वादा किया। इस मुलाकात के दौरान न कोई आवेदन लिखा गया, न कोई लंबी प्रक्रिया शुरू हुई सिर्फ एक संवेदना भरी नज़र और सच्चा इरादा था। राजकुमार ने पार्षद सिल्लू से किए गए वादे के मुताबिक बुधवार को उनसे संपर्क किया। फोन पर बातचीत के कुछ ही देर बाद पार्षद स्वयं उससे मिले और सामाजिक न्याय विभाग से स्टील की मजबूत बैसाखी की व्यवस्था करवाई। स्टील की यह बैसाखी अब न केवल राजकुमार को सहारा दे रही है, बल्कि उसे आत्मविश्वास भी दे रही है कि वह समाज की मुख्यधारा में लौट सकता है। सिर्फ यहीं तक ही मदद सीमित नहीं रही।

पार्षद सिल्लू रजक ने राजकुमार का विकलांग प्रमाण पत्र भी बनवाने की पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया, जिससे वह अब सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। चाहे वह पेंशन हो, रोजगार योजना हो या सहायक उपकरणों की सरकारी सहायता अब राजकुमार का नाम इन सबके लिए दर्ज हो चुका है। पार्षद सिल्लू रजक की इस पहल की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। यह घटना दिखाती है कि यदि जनप्रतिनिधि संवेदनशील और सक्रिय हों, तो समाज के सबसे पिछड़े और पीड़ित वर्ग को भी राहत पहुंचाई जा सकती है। राजकुमार कोल और उसके परिजनों ने इस मदद के लिए दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह केवल एक बैसाखी नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।

## पडमनिया की चौपाल में कलेक्टर ने बताया पानी का महत्व

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**



जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों की उपस्थिति में शहडोल जिले के जनपद पंचायत पड़मनिया खुर्द में लोगों को पानी की एक-एक बूंद सहजेने एवं जल का महत्व बताने के लिए जन चौपाल लगाई गई। जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जल के बीना जीवन संभव नही है, जल अमूल्य है, इसे बचाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा, जल को बचाने के लिए केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही बल्कि हम सभी कि जिम्मेदारी है कि आने वाले पीढ़ियों के लिए पानी का संचयन करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पड़मनिया खुर्द जो कि एक आदर्श ग्राम के रूप में चयनित है ग्रामवासियों का यह प्रयास होना चहिए कि यह ग्राम के आस-पास के गांवों के लिए यह ग्राम रोल मॉडल बने, आपसी भाईचारा इतना हो कि इस ग्राम में न तो विवाद हो और न ही कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित रहें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेते हुए शत-प्रतिशत शिक्षित ग्राम बने ऐसा ग्रामवासियों को प्रयास करना चाहिए तथा जिला प्रषासन द्वारा ग्राम के विकास के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया जाएगा। जन चौपाल को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने भी सम्बोंधित कर वर्षा के जल को संचयन करने एवं जल का महत्व बताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कमलेशिया बैगा, उपसरपंच अनिल साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेष मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, उपसंचालक कृषि आर पी झारिया, नायब तहसीलदार राजकुमार कोल, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह, ममता सोनी, राहुल द्विवेदी उपयंत्री सुभाष भारती,पटवारी पुष्पा पटेल, राजकुमारी सिंह,सचिव हेमराज बैगा, ग्राम रोजगार सहायक शशिकांत द्विवेदी, रामभजन गुप्ता, धनीराम चौरसिया, मुरलीप्रसाद साहू, गिरधारी लाल नापित,बाबूलाल गुप्ता, अनिरुद्ध शर्मा, संजय नापित, विक्रेता अजय गुप्ता, सुब्रत द्विवेदी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ एमएसडब्लू ,बीएसडब्लू के छात्र एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।